सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 06 फरवरी, 2025

गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष उत्तरांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. धर्मबुद्धि ने ''वन यूनिवर्सिटी—वन रिसर्च'' योजना के तहत चल रहे शोध कार्य की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया। उत्तरांचल विश्वविद्यालय द्वारा ''उद्योग 4.0 और सतत विकास'' विषय पर शोध किया जा रहा है। कुलपति ने बताया कि इस शोध का मुख्य उद्देश्य उत्तराखण्ड में सतत विकास से जुड़ी समस्याओं की पहचान करना और उनके समाधान के लिए उद्योग 4.0 की तकनीकों का उपयोग करना है।

राज्यपाल ने कहा कि उद्योग 4.0 और सतत विकास के क्षेत्र में किया जा रहा यह शोध बेहद महत्वपूर्ण है, इससे न केवल नई तकनीकों का लाभ मिलेगा, बल्कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े क्षेत्रों में भी सकारात्मक बदलाव आएंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय को इस शोध के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय उपस्थित रहे।

...........0............